Demands for widening and strengthening of roads from Central Road Fund in Saharsa District

श्री दिनेश चंद्र यादव (मधेपुरा) : सभापति महोदया, हमारे राज्य बिहार में मेरे संसदीय क्षेत्र के सहरसा जिले में आरसीडी डिपार्टमेंट की दो सड़कें एनएच 107 पर रंगनिया से सोनबरसा राज 15 किलोमीटर और पंचगछिया से नौहट्टा 8 किलोमीटर सड़क सिंगल पथ है, जिसके कारण उस पर बराबर दुर्घटनाएं होती हैं और लोगों की मृत्यु होती है । यहां पर जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है और प्रशासन के लिए भी परेशानी का सबब बना रहता है । इन सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण करना बहुत आवश्यक है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री से निवेदन करना चाहता हूं कि सेंट्रल रोड फण्ड से रंगनिया से सोनबरसा राज और पंचगछिया से नौहट्टा तक के पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण करवाया जाए ।